हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 18 जून 2024


**तापमान**

अधिकतम 46.7 डिग्री
न्यूनतम 31.1 डिग्री


12 मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन के लिए बस की रवाना





12 शहीद स्मारक के निर्माण कार्य में लाएं तेजी: अनिल विज









## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से ब्रेजा कार पलटी

**घरौंडा।** हाइवे पर लिबर्टी शो रूम के सामने एक पिकअप गाड़ी ने सड़क पर ख़डी ब्रेजा कार को टक्कर मार दी, जिससे कार पलट गई। गनीमत रही कि कार में कोई भी व्यक्ति सवार नहीं था। घटना की सुचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मोके पर पहुंची और कार को हाईड्रा से उठवाया। सोमवार को लिबर्टी शो रूम के सामने एक ब्रेजा कार खड़ी थी। कार में सवार लोग किसी काम के लिए गए हुए थे, इसलिए कार में कोई भी व्यक्ति सवार नहीं था। पीछे से टमाटरो से भरी एक पिकअप गाड़ी आई और कार को टक्कर मार दी। कार आगे खड़े एक वाहन से टकरा गई और कार पलट गई। बताया जा रहा है कि पिकअप चालक को अचानक झपकी आ गई। जिससे हादसा हो गया। घटना में एक व्यक्ति चोटिल भी हुआ है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता पर आभार

**करनाल।** मंगलसेन सभागार में आयोजित कांग्रेस के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने तमाम कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस सम्मेलन को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रमुख तौर पर संबोधित किया। इस मौके पर त्रिलोचन सिंह ने कहा कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस की बनने जा रही है। स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस सरकार बनाएगी और भूपिंद्र हुड्डा तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। त्रिलोचन सिंह ने विधानसभा उपचुनाव में उनका साथ देने के लिए कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

### रोटरी क्लब के शिविर में 66 ने किया योगाभ्यास

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद यूनिट द्वारा लाडवा रोड स्थित एक निजी होटल में योग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत रोटरी शाहाबाद के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके की, जबकि रोटरी सदस्य आर डी गुप्ता ने प्रोजेक्ट चैयरमेन की भूमिका निभाई।

## सुर संगीत कला मंच ने मनाई अपनी नौवीं वर्षगांठ

# गीतों भरी शाम आपके नाम' में श्रोताओं को किया मदहोश

■ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी**

कैरिओके गायन ग्रुप सुर संगीत कला मंच के द्वारा गीतों भरी शाम आपके नाम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में मनोज वधवा मुख्य समाज सेवी एवं पूर्वाध्यक्ष नगर परिषद् करनाल रहे। उपरोक्त आयोजन सुर संगीत कला मंच के गठन की नौवीं सालगिरह के उपलक्ष्य में स्थित रौनक महल पर आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभा प्रदर्शन, मनोरंजन व नये कलाकारों को मंच प्रदान कर सामने लाना रहा।

इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि के रुप में पी.के .भारद्वाज, सेवानिवृत्त मंडल अधिकारी



**तरावड़ी।** सुर संगीत कला मंच परिवार पीके भारद्वाज को सम्मानित करते हुए।

जीवन बीमा निगम के द्वारा शिरकत गई। पटल के सचिव जय भारद्वाज तरावड़ी ने बताया कि मंच के सभी गायक कलाकारों में धर्मेश गुजराती, सतीश मिड्ढा, अजय किशोर, राकेश हंस, निर्मल खट्टर, जय भारद्वाज, अनिता शर्मा, सुभाष शर्मा, सुभाष भानखड़, जितेंद्र लाठर, राजीव मल्होत्रा, अनिल मल्होत्रा, डीके खुराना, इत्यादि सभी कलाकारों ने पुराने हिंदी फिल्मी कैरिओके नगमों के माध्यम से आये हुये श्रोताओं का देर रात तक भरपूर मनोरंजन किया। पटल कलाकारों के अतिरिक्त अतिथि गायक कलाकारों में संध्या चौधरी, रितु शर्मा, पंकुल वर्मा, संयम, अरुण, पियूष नौटियाल इत्यादि गायक कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज़ में कैरिओके प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम आगाज दीप-प्रज्जवलन व सरस्वती पूजन के साथ किया गया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में लगभग 27 एकल एवं दोगानों के माध्यम से उपस्थित श्रोता समूह का मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सुर संगीत कला मंच परिवार को भी एक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

सशक्त मंच-संचालन के माध्यम से श्रोता समूह को जोड़े रखने का श्रेय पटल सचिव जय भारद्वाज ने पाया। कार्यक्रम के बीच पटल अध्यक्ष सतीश मिड्ढा के लतीफों ने श्रोताओं को खूब हंसाया। कार्यक्रम समापन पर सभी ने रात्रिभोज में भाग लिया।

### बैरागी महासभा के प्रधान बने ज्ञान सिंह

**कुरुक्षेत्र।** बैरागी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हरियाणा बैरागी महासभा का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें समाज के लगभग 2500 गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 600 मतदाताओं ने भाग लिया। चुनाव में सुभाष चंद मलिक गांव गोली व ज्ञान सिंह गांव सीतामई अपने अपने पैनल के साथ भाग ले रहे थे। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सुचारू रूप से संपन्न हुई। चुनाव में बैरागी समाज की सक्रिय भागीदारी के साथ लगभग 85 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद मौके पर ही मतपत्रों की गिनती के बाद ज्ञान सिंह सीतामाई के पैनल को विजयी घोषित किया गया। इस पैनल में ज्ञान सिंह गांव सीतामाई प्रधान, देवेंद्र कुमार दिल्ली वरिष्ठ उप प्रधान, जय सिंह भिंडारी उप प्रधान, देवेंद्र कुमार पप्पू उप प्रधान, दया सिंह स्वामी सचिव, सुशील चित्रा सह सचिव एवं रामनिवास कोषाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित हुए। प्रधान ज्ञान सिंह बैरागी ने शांति पूर्ण चुनाव करने के लिए समाज का आभार प्रकट किया। सचिव दया सिंह स्वामी ने कहा कि समाज ने हमारे पैनल पर जो विश्वास जताया है हम समाज के लोगों के साथ मिलकर धर्मशाला कुरुक्षेत्र व हरिद्वार तथा समाज की उन्नति के लिए भरसक प्रयास करेंगे। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

# श्री खाटू श्याम मंदिर का स्थापना दिवस मनाया



■ श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन आज किया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल**

श्री खाटू श्याम मंदिर पुरानी अनाजमंडी का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। 18 जून को मंदिर के साथ लगते परिसर में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को शहर में निशान यात्रा निकाली गई। सभी श्याम प्रेमी हाथों में श्री श्याम ध्वज लेकर चले। जय श्री श्याम, हारे के सहारे की जय के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। निशान यात्रा श्री खाटू श्याम मंदिर से शुरू हुई। रथ पर विराजमान श्याम बाबा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। ठंडे मीठे जल का प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य बाजारों से होते हुए निशान यात्रा ने वापस मंदिर में विश्राम लिया। मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन शाम छह बजे से किया जाएगा। करनाल व आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी संकीर्तन में पहुंचेंगे। श्याम रसोई की विशेष व्यवस्था रहेगी। हिमांशु सिंगला, सौरव रसिक, नरेंद्र कौशिक व बिन्नी भैया श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मंच संचालन हिमांशु शर्मा करेंगे। इस अवसर पर देशराज गुप्ता, अनिल गर्ग, विनोद गोयल, रामकरण गोयल, एमपी गुप्ता, नरेंद्र गोयल, पवन गोयल, कृष्ण गोयल, विवेक गुप्ता, रिशु मित्तल, दीपक मित्तल, अंकुश शर्मा, आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, विनोद गुप्ता, विशाल सैनी, लवली गुप्ता व श्री लखदातार युवा मंडल व लाडले खाटू वाले के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# जल की सेवा सबसे बड़ी सेवा : विरेन्द्र

■ नगरपालिका रोड़ पर छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी**

निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य मे नगरपालिका रोड़ पर टिम्बर मार्किट के दुकानदारों द्वारा मीठे पानी, आलू जीरा, खीर, जलजीरा की छबील लगाई। जिसमें मार्किट के समस्त दुकानदारों ने तपती गर्मी में एकत्रित होकर यह सेवा कार्य किया। राहगीरों को रोक-रोक कर शरबत, खीर, आलू जीरे का प्रसाद वितरित किया। इस कपिल सिंगला ने कहा कि निर्जला एकादशी के अवसर पर मीठे जल की सेवा सबसे बड़ी सेवा है व गर्मी मे जल पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इससे बड़ी सेवा कोई ओर नही हो सकती। आज इस सेवा कार्य करने नगरपालिका के



**तरावड़ी।** नगरपालिका रोड़ पर छबील लगाकर जलसेवा करते नपा अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल व मार्किट के दुकानदार।

प्रधान वीरेन्द्र बंसल ने भी कार्य में आहुति डाली जो की काफी सहरानीय है। एकादशी के अवसर पर मीठे जल की सेवा करना बड़ा पुण्य का कार्य है। मर्किट के दुकानदारों ने जो यह कार्य किया वह सहरानीय है। भीषण गर्मी मे अपनी दुकाने छोडक़र इस पुण्य कार्य मे लगे हुये है। इस अवसर पर कपिल सिंगला, अनिल कुमार, विरेन्द्र जांगड़ा, नरेश कुमार, कपिल जांगड़ा, सुनील कुमार, यश गिरधर, देसराज, राजिन्द्र जांगड़ा सहित अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

### अंग्रेजों के बनाए कानून को बदलेंगे : जितेन्द्र

**करनाल।** जनहित सोशल वेलफेयर सोसाइटी की बैठक में 165 वर्ष बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानूनों के बदलाव को लेकर चर्चा हुई। सोसाइटी के अध्यक्ष जितेन्द्र राणा ने बैठक में कहा कि भारत सरकार ने न्याय प्रणाली में सुधार के लिए जुलाई से नए कानूनों को लागू करने का निर्णय लिया है। भारत में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होंगे। 163 वर्ष पूर्व अंग्रेजों द्वारा बनाई गई कानून व्यवस्था में बदलाव हो रहा है। इसके बाद कानूनी जांच व्यवस्था से लेकर न्यायिक व्यवस्था तक में एक बड़ा बदलाव होगा और जो समय की मांग है। उन्होंने कहा कि जघन्य अपराध अपहरण, डकैती, वाहन चोरी, जबरन वसूली, को लेकर सख्त कानून बनाए गए हैं।

# 15 सालों से करनाल में हवाई अड्डे का इंतजार

■ बीजेपी ने करनाल के लोगों का सपना पूरा नहीं किया : ढांडा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर करनाल में हवाई अड्डा और मेट्रो लाइन के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा पिछले दिनों करनाल में नागरिक उड्डयन मंत्री कमल गुप्ता ने कहा था कि करनाल के हवाई अड्डे के लिए नए सिरे से सर्वे करवाया जाएगा। बहुत दुर्भाग्य की बात है कि करनाल पिछले 15 साल से हवाई अड्डे का इंतजार कर रहा है और पिछले 10 साल से बीजेपी करनाल और प्रदेश के लोगों को मूर्ख बनाने का काम कर रही है। बार बार वादा किया गया कि करनाल के हवाई अड्डे को



कमर्शियल रूप दिया जाएगा, लेकिन कभी सर्वे तो कभी भूमि अधिग्रहण की बात कही गई। उनको भूमि का अधिग्रहण करने में 8 साल लग गए। लेकिन उड़ान कब शुरू होगी और कमर्शियल अड्डे का रूप कब दिया जाएगा वो आज तक नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 के चुनावों में कहा गया कि करनाल में हवाई अड्डा और इसे कमर्शियल बनाया जाएगा। 2024 के चुनाव में भी, पहले भी मुख्यमंत्री यहां से थे और दोबारा नए मुख्यमंत्री आए हैं वो भी यहां से हैं। लेकिन दो दो मुख्यमंत्री और दो दो बार सरकार बनाने के बाद भी बीजेपी ने करनाल के लोगों के इस सपने को पूरा नहीं किया। दूसरा महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट जिसमें इसी सरकार ने 2020 में कैबिनेट से फैसला लिया था कि मेट्रो लाइन को करनाल तक बढ़ाया जाएगा। आज 4 साल बाद भी इस प्रोजेक्ट पर धरातल पर कोई काम नहीं किया जा रहा।

# हरियाणा में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार

■ मुख्यमंत्री नायब सैनी को पुष्पगुच्छ व शक्ति का प्रतीक तलवार भेंट कर किया अभिनंदन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश के अंदर लोगों ने मन बना लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने भारी संख्या में मौजूद कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही।

इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर व शक्ति का प्रतीक तलवार भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान बंता राम वाल्मिकि ने अपने साथियों



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को तलवार भेंट करते भाजपा पदाधिकारी।

के साथ भगवान वाल्मिकि का चित्र भी मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने इस मौके पर उपस्थित कार्यकताअरं को बधाई देते हुए व उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत के बलबूते पर कुरुक्षेत्र लोकसभा में कमल का फूल खिला है, जिसके लिए व उन्हें सलाम करते है, दिल से धन्यवाद करते है और हाथ जोडकर राम-राम करते है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा में साढे 9 वर्षो में डबल इंजन सरकार ने जबरदस्त काम किए है। योजनाबद्घ तरीके से आमजन के हितों को सुरक्षित करते हुए उन्हें मजबूत करने का काम किया है। आज प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से ज्यादा वोट हासिल किए है। पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ बोलकर लोगों के बीच यह भ्रम फैलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते है तो सविधान और आरक्षण को समाप्त कर देंगे। उन्होंने सविधान और आरक्षण के नाम पर झूठा भ्रम फैलाकर वोट हासिल करने का काम किया है। कार्यकताअरं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले 10 वर्षों में तथा डबल इंजन सरकार द्वारा आमजन के लिए जो अभूत पूर्व कार्य किए गए है उन कामों के बल पर वह लोगों के बीच जाकर कांग्रेस ने जो झूठा प्रचार किया है उसका पदार्फाश करने का काम करें।

# जैसी वृत्ति, वैसी ही सृष्टि बनेगी : प्रेम दीदी

■ ब्रह्माकुमारीज संस्था मुख्यालय से राजयोगी भ्राता छोटेलाल भाई के आगमन पर कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र में माउंट आबू राजस्थान ब्रह्माकुमारीज संस्था के मुख्यालय से राजयोगी भ्राता छोटेलाल भाई के आगमन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में भ्राता छोटेलाल तथा भ्राता मेहरचंद का स्वागत बैज, बुके, पगड़ी, सिरोपे व हार पहनाकर किया गया। कुमारी सायशा ने स्वागत करते हैं दिल से आपका गीत पर सुंदर स्वागत नृत्य कर खूब तालियां बटोरी। भ्राता ब्रह्माकुमार विजय ने ओ आबू के फरिश्ते तुम से है प्यारा नाता कैसे ये दिल के रिश्ते ओ आबू के फरिश्ते गीत गाकर छोटे लाल



भाई का स्वागत किया। सेवा केंद्र संचालिका व आर्ट एंड कल्चर विंग की नेशनल कोर्डिनेटर राजयोगिनी प्रेम दीदी ने भ्राता छोटे लाल व भ्राता मेहरचंद का शब्दों द्वारा स्वागत किया। छोटे लाल भाई का परिचय देते हुए कहा कि पिछले 42 वर्षों से भ्राता छोटेलाल ब्रह्माकुमारी संस्था में समर्पित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज के अनेक विभागों में लग्न से सेवा करते आए हैं। उनके माता पिता, बहनें व पांच कन्याएं इस संस्था में समर्पित रूप से सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि अगर आप अपनी स्थिति को संपूर्ण बनाना चाहते हैं और पवित्रता में सम्पन्न बनना चाहते हैं और अपने लक्ष्य में परिपूर्ण होना चाहते हैं, सफल होना चाहते हैं, मन बुद्धि की एकाग्रता को बढ़ाना चाहते हैं तो तीन अभ्यास हमें करने होंगे। पहला अभ्यास कि आज मुझे कम से कम सारे दिन में 50 लोगों को आत्मा रूप में देखना है। जैसी वृत्ति वैसी सृष्टि बनेगी। दूसरा सारे दिन में अशरीरी बनने का अभ्यास करना है। देहभान और देह अभिमान दोनों को खत्म करना है। भ्राता मेहरचंद ने कहा कि सारी सृष्टि को सवेरे उठकर वायब्रेशन, शांति व सुख के देने हैं। उन्होंने कहा है देना ही लेना है। आत्मा के सातों गुण जो ज्ञान सूर्य परमात्मा से लेकर दूसरों को देने पर हम पवित्र बन जाएंगे। हम देने वाले देवता हैं, लेवता नहीं। हमें सातों गुणों को शोषित नहीं करना अपितु बांटना है। हरीश भाई ने भी सुंदर गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बी.के. शिविका, आरती, सारिका, काजल, संजना, कृष्ण गंभीर, उमा गंभीर, महीपाल मलिक, रामनिवास गर्ग, शाम सुंदर परूथी, ईश्वर सिंह रमन, केबी मल्होत्रा, ईश्वर गर्ग, सतबीर मित्तल, एचके मलिक, हरी कांबोज, डीएस भारती, हर्षवर्धन भटनागर, संतलाल बत्रा, कृष्ण खन्ना, गायत्री देसवाल, सुनीता मदान, छवि चौधरी, विमल मेहता व कृष्ण अरोड़ा मौजूद रहे।

## साध्वी दिवेशा भारती ने साध-संगत को प्रवचनों से किया निहाल

# मानव के उत्थान के लिए है श्रीराम का जीवन चरित्र

■ रामलीला ग्राउंड में पांच दिवसीय श्री राम कथामृत का दूसरा दिन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामलीला ग्राउंड, इंद्री में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथामृत के दूसरे दिन दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी दिवेशा भारती जी ने प्रभु श्री राम जन्म प्रसंग को भगवत प्रेमियों के आगे बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि महाराज दशरथ जो पुत्र की इच्छा लेकर जब अपने गुरुदेव वशिष्ठ के पास जाते हैं तो गुरुदेव वशिष्ठ उन्हें चार पुत्र रत्न की प्राप्ति का वरदान देते हैं। यज्ञ नारायण भगवान की कृपा से उनके घर में श्री हरि नारायण मां कौशल्या की गोद से जन्म ले करके आते हैं। यह बाहरी अयोध्या नगरी में प्रभु श्री



**इंद्री।** रामलीला ग्राउंड में आयोजित श्रीराम कथामृत में कथा सुनते श्रद्धालु।

राम जी का प्राकट्य हमें संकेत करता है कि हम अपने अंतर्गत में प्रभु श्री राम को प्रकट करें। वास्तव में यह हमारा जो शरीर है इसे ग्रंथों के अंदर अयोध्या कह कर के संबोधित किया। 8 चक्रों नवद्वारों से सुसज्जित यह मानव की देही जिसमे परमात्मा श्री राम ज्योति रूप में विद्यमान हैं। आवश्यकता है एक ऐसे सतगुरु की जिसके माध्यम से हम अपने अंतर्गत में उस प्रभु श्रीराम के ज्योति स्वरूप का साक्षात्कार कर पाए। प्रभु श्री राम ने जन्म लेकर न केवल महाराज दशरथ व महारानी कौशल्या को धन्य किया। इस धरा पर प्रभु श्री राम जी के आने का उद्देश्य प्रत्येक जीवात्मा के अंतर्गत में बैठे उसे निराकार परमात्मा से मानव को अवगत करवाना है। प्रभु श्री राम जी का जन्म ही नहीं, उनका पूरा जीवन चरित्र मानव के उत्थान के लिए है। महाराज दशरथ और दशानन दोनों के जीवन में एक समानता है। दोनों के नाम में दश लगा है। पर दशरथ ने जीवन रुपी रथ को प्रभु को सौंप दिया, पर दशरथ ने विकारों के अधीन किया। आज युवाओं के मन में उठने वाली कामनाओं, वासनाओं के कारण हमारे समाज में नारी शोषण के जैसी घटनाओं का स्तर बढ़ता चला जा रहा है ।

श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी ब्रह्म ज्ञान को प्रदान कर भगवान शिव के समान दोनों आंखों के मध्य भृकुटी में स्थित उसने अग्नि नेत्र को उजागर कर युवाओं के भीतर उठने वाले इन वासनाओं के ऊपर अंकुश लगाने का कार्य कर रहे हैं। नशा मुक्त करने के लिए बोध नामक प्रकल्प चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य है नशा उन्मूलन, युवा परिवार सेवा समिति के सदस्य आज समाज में कोने कोने में फैले नशे रूपी बुराई को मिटाने के लिए प्रयासरत हैं।

### राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रधान बने राजीव थरेजा

**पिहोवा ।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की मीटिंग प्रदेशाध्यक्ष गुलशन डंग व राष्ट्रीय महासचिव विकास गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से राजीव थरेजा को जिला प्रधान मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गुलशन डंग ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ मीडिया एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यापारी वर्ग सहित सभी वर्गों की समस्याएं सरकार तक पहुंचती हैं। उनका संगठन व्यापारी वर्ग की समस्याओं को लेकर लोकल,जिला स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाता है और कई बार समस्याओं के समाधान के लिए धरने प्रदर्शन तक भी करने पड़ते हैं। व्यापारी को किसी भी सूरत में नुकसान हो जाये,उसकी भरपाई के लिए 48 करोड़ रुपये बीमा कम्पनियों को दिए गए,लेकिन उसका व्यापारियों को सहूलियत मिल सके। राष्ट्रीय महासचिव विकास गर्ग ने कहा कि व्यापार संगठन का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करवाना है।

# निर्मल धाम में बुजुर्गों को करवाया योग का अभ्यास



**करनाल।** आयुष विभाग करनाल के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल ने निर्मल धाम मॉडल टाऊन करनाल में बुजुर्गो को योगाभ्यास करवाया गया। दो दिवसीय इस शिविर में बुजुर्गो को उनकी क्षमता के अनुसार सूक्ष्म व्यायाम क्रिया, अनुलोम विलोम प्राणायम, एवम ध्यान का अभ्यास भजनों के माध्यम से करवाया गया आयुष विभाग करनाल के योग सहायक श्रीमती गीता दहिया, कुसुम शर्मा, श्रीमान अनुराग ने मिलकर बच्चों को योगाभ्यास करवाया, सूक्ष्म व्याम का अभ्यास अनुराग जी ने करवाया जिसमें गर्दन , कंधो, बाजू और कमर के अभ्यास करवाए , गीता जी ने अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी,कपाल भाती का अभ्यास करवाया एवम कुसुम जी ने ध्यान का अभ्यास सांसों की माला भजन के माध्यम से करवाया , सभी बुजुर्गो ने योग सहायकों को अपना आशीर्वाद दिया एवम योग को अपने जीवन में अपनाने का प्रण लिया आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी हरियाणा योग आयोग करनाल डॉ अमित पुंज ने इस अवसर पर बाबा महंत रामसिंह प्रेसिडेंट, राजेश गुप्ता, राजेश शर्मा इंचार्ज के साथ सभी स्टाफ मेंबर के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## खबर संक्षेप

### पत्नी निकली बेवफा पति ने फांसी ली

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी में निवास कर रहे अमित मूल निवासी शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। अमित पत्नी के मायके में रहने से परेशान था। उसने मरने से पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सुसाइड करने के बारे में स्टोरी भी लगाई। साथ में लिखा था कि बेवफा पत्नी को मेरी शक्ल न दिखाना। हालांकि उसके परिजनों व दोस्तों ने रात को ये स्टोरी स्टेटस देखी नहीं थी। सुबह अमित की मां जब उसे उठाने उसके कमरे में गई तो अमित फंदे पर लटका मिला। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### देवर्षि नारद का जयंती समारोह आज

**पानीपत।** आदि पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकार गोष्ठी का आयोजन 18 जून को सुबह 11 बजे आर्य कॉलेज सेमिनार हाल में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए विश्व संवाद केंद्र पानीपत इकाई से एडवाकेट सतीश कुमार ने बताया कि गोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार अनीता होंगी। कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी नीरज गोयल, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला न्यायवादी राजेश कुमार रहेंगे।

### भाजपा ने जनता की अनदेखी की : कुंडू

**पानीपत।** हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने पानीपत ग्रामीण हलके के अपने धन्यवादी दौरे के तहत गांव रजापुर, कचरौली व बाबरपुर का डोर टू डोर किया और ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया और आरोप लगाए कि भाजपा सरकार ने हर मोर्च पर जनता की अनदेखी की। इस अवसर पर दिलेर सरपंच, अमर सिंह पूर्व सरपंच, प्रेम सिंह पूर्व सरपंच, राजेंद्र कचरौली पूर्व सरपंच, पूर्व चेयरमैन रमेश मलिक, दीपक खटखड, सतपाल रोड़, सतीश शर्मा, जोगा सिंह, राणा सिंह व राजू प्रजापत आदि मौजूद रहे।

### एलआईसी ने प्रचार किया

**पानीपत।** भारतीय जीवन बीमा निगम यानि एलआईसी की प्रचार गाड़ी के माध्यम से युवाओं को जीवन बीमा का महत्त्व एवं रोजगार जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं एलआईसी की गाडी ने गांव जलालपुर प्रथम, नंहेडा, अधमी, जलमाना, बापौली, अतोलापुर, बहरामपुर, रसलापुर, जालपाड़, छाजपुर कलां, छाजपुर खुर्द, निम्बरी, ऊझा, उग्रा खेड़ी में अपनी योजनाओं का प्रचार किया।

### बालक नाथ मंदिर में भंडारा किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव कवि में योगी राज बाबा बालक नाथ मंदिर में वार्षिक धार्मिक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा महावीर नाथ ने की। जबकि भाजपा के जिला महामंत्री रोशन लाल माहला, डॉ.रामस्वरूप सिंह, पंडित सोमदत्त और टेकराम मराठा मुख्य अजमान के रूप में मौजूद रहे। रोशन लाल माहला ने कहा कि भारत में ही सबसे पहले मानव सभ्यता और संस्कृति का विकास हुआ।

### एनसी कॉलेज में रक्त पखवाड़ा

**इसराना।** एनसी कॉलेज के एडिशनल मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ.संतलाल वर्मा, कॉलेज के वर्ल्ड सेंटर इंचार्ज डॉ. सचिन चौहान व बीटीओ ब्लड सेंटर डॉ. दीर्घा सिंह ने उपस्थित लोगों को ब्लड डोनेट के बारे में जानकारी दी व उनको जागरूक किया व सभी को ब्लड डोनेट करने की शपथ दिलाई। डॉ. संतलाल वर्मा ने बताया वर्ल्ड ब्लड डोनर डे पखवाड़ा के तहत 18 जून को अस्पताल में ब्लड डोनेट कैंप लगाया जाएगा। इस अवसर पर डॉ.सचिन चौहान, डॉ.दीर्घा सिंह, सुरेश कुमार, एन एस बिना, संजय, दलबीर सिंह ढिल्लों आदि मौजूद रहे।

### यज्ञ के साथ संपंन होगी तपस्या

**पानीपत।** समालखा के नारायणा रोड पर एक 65 वर्षीय संत बाबा बरकत गिरी महाराज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पांच जलते धूनों के बीच बैठकर तपस्या करते हैं और ऐसा वह पिछले 40 दिनों से कर रहे हैं।

## एचएसआरडीसी करवाएगा फ्लाईओवर का निर्माण

# पानीपत में असंध नाके पर 13.51 करोड़ से बनेगा फ्लाईओवर

पानीपत-सफीदों-जींद व रिफाइनरी-रोहतक आवगमन करने वालों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर में लगने वाले जाम को कम करवाने के लिए असंध रोड पर एक ओर फ्लाईओवर बनाया जाएगा। ये फ्लाईओवर असंध रोड पर नहर के पास नाके पर बनेगा। यहां दिल्ली पैरलल नहर के साथ रिफाइनरी रोड पर इसका निर्माण कराया जाएगा। ताकि असंध रोड के माध्यम से पानपीत से असंध, जींद आने जाने वाले लोग को बिना जाम के सीधा आवगमन कर सकें और रिफाइनरी की ओर से पानीपत और गोहाना रोहतक की ओर आवगम करने वाले लोगों को भी नाके पर लगने वाले जाम की समस्या न झेलनी पड़े। फिलहाल ये चौक शहर के व्यस्ततम चौक में से एक है। यहां दिन भर चारों ओर से आवगमन करने वाले व्हीकल की वजह से जाम लगा रहता है। सबसे ज्यादा व्हीकल पानीपत जींद रोड पर होते हैं तो दूसरी ओर दिल्ली पैरलल नहर के साथ वाले यानी रिफाइनरी की ओर जाने वाले रोड भी काफी भीड़ होती है। इसी वजह से यहां फ्लाईओवर के प्रोजेक्ट का निर्माण करवाने का प्लान बनाया गया है। जिसका निर्माण एचएसआरडीसी करवाएगा ।विभाग की ओर से इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर को रिकॉल किया गया है। इससे पहले भी टेंडर का प्रयास किया गया था लेकिन सिंगल बिड होने की वजह से औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाई। अब दोबारा से टेंडर लगाकर इसका निर्माण करवाने की तैयारी की जा रही है।

### शहर वासियों को मिलेगा वैकल्पिक मार्गः



पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने इस प्रोजेक्ट को तैयार करवाने से लेकर सरकार से इसे पास करवाने की गुजारिश की थी। इसके बाद इसका बजट पास करवाकर टेंडर प्रक्रिया कराई गई। इसी बीच आचार संहिता की वजह से इस प्रोजेक्ट में कुछ देरी भले हुई हो लेकिन ये प्रोजेक्ट शहर के बड़े प्रोजेक्ट में से एक है। उन्होंने कहा कि शहर को जाम मुक्त कराने का ये उनका एक ओर प्रयास था। इससे असंध नाके के चौक से चारों ओर आवगमन करने वाले लोगों को फायदा होगा। जाम से राहत मिलेगी और समय की बचत होगी। इस फ्लाईओवर से शहर से बाहर आने जाने वालों को एक अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग मिलेगा।

## शिक्षा इंसान की तरक्की की सशक्त राह : मेहता



**पानीपत।** जेईई/नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले संस्थानों में विद्यामंदिर क्लासेस का नाम दशकों से अग्रणी रहा है। साल दर साल यहां के छात्र अपनी सफलता की कहानी लिखते आ रहे हैं। विद्यामंदिर क्लासेस ने नीट परीक्षा में सफलता पाने वाले अपने छात्रों के लिए एक भव्य उत्सव का आयोजन किया। वीएमसी मेडिकल के सात छात्रों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 700 से अधिक अंक हासिल किए। इसके अलावा, यहां के छात्रों का ओवरऑल सक्सेस रेट 82 प्रतिशत रहा। इधर, वीएमसी के संस्थापक श्याम मोहन और संदीप मेहता की गरिमामय उपस्थिति रही, जो अनगिनत मेडिकल प्रोफेशनल्स के भविष्य को मार्गदर्शन और आकार देने में सहायक रहे है। शिक्षा इंसान की तरक्की की सशक्त राह है। इनके अलावा मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग (नई दिल्ली) में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट और ऑथोर्पेडिक्स के डायरेक्टर डॉक्टर साइमन थॉमस भी यहां मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी बहुमूल्य इनसाइट साझा किए और उपलब्धि हासिल करने वालों को बधाई दी।

## मादक पदार्थ की खेप के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव महराणा के पास हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो मधुबन, करनाल की एचएसएनसीबी टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बस में मादक पदार्थ ले जा रहे दुरगेश पुत्र बालु लाल निवासी गांव बोहेड़ा, तहसील बड़ी सादड़ी चितौडगढ, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपी सवारी बनकर एक निजी स्लीपर बस स्लीपर बस नंबर एनएल 02बी3899 में बैठा था। स्टोरेज स्पेस में उसने दो वजनदार गत्ते की पेटियां रखी थी। जिसमें 33 किलो 490 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ है। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मॉडल टाउन थाना में एचएसएनसीबी यूनिट करनाल के एचएसएनसीबी प्रभारी दिनेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। जबकि पुलिस ने केस की जांच के लिए बरामद मादक पदार्थ को इंपाउंड कर लिया है।



### यंगर योग भूषण अवार्ड से सम्मानित हुई मेनका

**पानीपत।** अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ व अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा योग महाकुंभ 2024 के तहत जिला पानीपत योगगुरु सुनील मल्होत्रा व मेनका को श्री बीकेएस यंगर योग भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री राम आडोटोरियम राम नगरी अयोध्या में पद्मश्री अगुश इन्द्र उदयन अध्यक्ष आश्रम गांधी पूरी इंडोनेशिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद उत्तर प्रदेश डा. दिनेश शर्मा, योग गुरु मंगेश त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ द्वारा दिया गया।



### इंसान को तनाव से मुक्त कर देता है योग

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 24 शिव मन्दिर पार्क योग कक्षा की ओर से त्रिदिवसीय निःशुल्क योग शिविर के दूसरे दिन आज सुबह आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से योग शिक्षक सागर तागरा ने ध्यान और योग का अभ्यास करवाया। यदि हम प्रतिदिन अपने जीवन में योग और ध्यान को स्थान दें तो हम कभी भी अस्वस्थ नहीं होंगे और हम मानसिक और शारीरिक रूप से हमेशा फिट रहेंगे। जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है जो व्यक्ति जीवन में अनुशासन ला सकता है। योग शिविर में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया और अपने को स्वस्थ रखने के टिप्स भी जाने। इस अवसर पर सुरेश जिन्दल, शिवजी राम गर्ग, किरन धुन, रूचि गर्ग, रेणू गर्ग, सन्तोष, राजबीर, रंजीत कौर, दिलजीत बतरा, चन्दर जुनेजा आदि मौजूद रहे।

# पीएनबी बैंक की मित्र शाखा में लूट के छह आरोपी पकड़े

■ आरोपियों ने चार लाख रुपये लूटे थे, वाहन लूट की तीन और वारदातों का खुलासा, आरोपियों से हथियार भी मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत पुलिस लूट के आरोपियों को कोर्ट लेकर जाते हुए। फोटो :हरिभूमि

सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बलजीत नगर में स्थित पीएनबी बैंक की मित्र शाखा में गन पॉइंट पर हुई लूट की वारदात का महज 48 घंटे के दौरान पदार्फाश कर गिरोह के सरगना समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। आरोपियों की पहचान प्रशांत निवासी गांव पुरखास, अजय निवासी गांव कारद हाल शेखपुरा, साहिल निवासी गांव पुगथला, प्रिंस निवासी गांव जुआ, मोहित निवासी गांव कुंडली सोनीपत व केशव 18 निवासी घूप सिंह नगर पानीपत के रूप में हुई। आरोपी मोहित की यह पहली वारदात थी बाकी पांच आरोपियों का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपियों ने पीएनबी बैंक की मित्र शाखा से गन पॉइंट पर करीब 4 लाख रुपये लूटे थे। इस वारदात के अतिरिक्त आरोपियों से वाहन लूट की 3 अन्य वारदातों का खुलासा हुआ। इधर, पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत ने बताया कि शुक्रवार को सुबह बलजीत नगर में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मित्र शाखा में नकाबपोश बदमाशों द्वारा हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। लूट वारदात का थाना चांदनी बाग में हरीश पुत्र इंद्रसिंह निवासी बलजीत नगर की शिकायत पर केस दर्ज है। इस केस की जांच के लिए पुलिस की छह टीमों का गठन किया गया था। इधर, आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए जिस बाइक पर सवार होकर आए थे वह बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए थे। जांच के दौरान उक्त बाइक 5 जून को सोनीपत के गन्नौर थाना क्षेत्र के छीनी हुई पाई गई थी। वारदात बारे थाना गन्नौर में अभियोग दर्ज है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ गिरोह का सरगना आरोपी प्रशांत है। प्रशांत, अजय, साहिल व प्रिंस की दोस्ती सोनीपत जेल में हुई थी। आरोपी प्रशांत सोनीपत में 19 लाख रुपए लूट की वारदात में, अजय व प्रिंस हत्या की वारदात में व साहिल लूट की वारदात में सोनीपत जेल में बंद था। चारों आरोपी अलग अलग समय में जेल से बेल पर बाहर आए थे। इधर, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक देसी पिस्तौल, एक जिंदा रौंद व लूटी गई एक बाइक व एक कार बरामद कर गहनता से पूछताछ करने व लूटी गई नगदी बरामद करने के लिए पुलिस टीम ने सोमवार को सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

### महीपाल बने प्रदेशाध्यक्ष

**पानीपत।** कांग्रेस नेता महीपाल सूबेदार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बाहरी कालोनियां प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर कॉलोनी वासियों ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। जिसमें बाइकों के काफिले के साथ कुटानी रोड नाले की पुलिया से लेकर के पहलवान चौक होते हुए डाबर कॉलोनी में पहुंचे। यहां समारोह में कॉलोनी वासियों ने फूल मालाओं से व लड्डू बाटकर महीपाल सूबेदार का स्वागत किया। इस अवसर पर कासिम खान, शमशेर वाल्मीकि, चंद्र श्याम शर्मा, सूबेदार जीत सिंह प्रजापत, अजीत हुड्डा, इसरार अली, मा.विनोद कोरी, सुधीर शर्मा, नसीम अहमद, मा. जनेश्वर, शाहरुख, मोहसिन सैफी, दिनेश शर्मा, ताहिर खान, मोहम्मद अख्तर व सुमित पूनिया आदि मौजूद रहे।

### दशहरा कमेटी का गठन होगा

**पानीपत।** श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोग की वर्तमान कार्यकारिणी का तीन वर्षीय कार्यकाल समाप्त हो रहा हैं। वहीं, 23 जून की सुबह हर्ष गार्डन में सभी सदस्यों की मीटिंग बुलाकर वर्तमान कार्यकारिणी अपना लेखा जोखा देगी तथा कमेटी के नियमानुसार अपना त्यागपत्र देगी तथा नई कार्यकारिणी का गठन होगा। स्मरणीय है कि श्री राम दशहरा कमेटी पिछले 15 वर्षों से निरंतर निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा और देश सेवा के कार्य कर रही हैं। वहीं नई कमेटी का प्रयास रहेगा कि हुडा सेक्टर 13-17 में मंदिर निर्माण के लिए 15 वर्षों से किए जा रहे प्रयास पूरे हो। इसके लिए कमेटी का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही सहरकारी मंत्री महिपाल ढांडा से मिलेगा।

### नार्थ इंडिया प्रीवेंशन संघ पौधे रोपेगा

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी क्रप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेजाइजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बढ़ती गर्मी में प्रदूषण को कम करने के लिए प्रदेशभर में एक लाख पौधे लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजपाल कश्यप एडवोकेट, दीपक मितल, मांगेराम मलिक, देवेन्द्र राणा एडवोकेट, स.जगजीत सिंह, मंयक मलिक, प्रवीण शेरा, स.कंवलजीत सिंह, दीपक देशवाल, दिनेश शर्मा कुराना, देवेंद्र, राजेश कुमार, गुलशन बजाज, विकास कुमार पांड़े, सोहन लाल, संदीप कुमार, राजेश कुमार, साहित मनचंदा आदि मौजूद रहे।

### कमेरे वर्ग को एनीमिया मुक्त करेगा स्वास्थ्य विभाग

**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल जिले की झुग्गियों, फैक्ट्रियों व ईंट भट्ठों पर रहने वाली 50-60 प्रतिशत महिलाओं, बच्चों और किशोरों में खून की कमी है। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए 100 दिन का एनिमिया मुक्त अभियान शुरू करेगा। विशेष रूप से औसतन 30 दिन अभियान चलेगा। यहां एनीमिया के रोगियों को चिह्नित कर उनका इलाज किया जाएगा। जब तक वह ठीक नहीं होते इनको मॉनीटर भी किया जाएगा। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले की 60 प्रतिशत गर्भवतियों में खून की कमी है। 20 प्रतिशत गर्भवतियों में तो आठ ग्राम से भी कम खून है। वहीं 55 प्रतिशत बच्चों में भी खून की कमी है। 25 प्रतिशत से अधिक बच्चे गंभीर एनिमिक की श्रेणी में आते हैं।

## लू व भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में भीषण कर्मी के साथ लू का प्रकोप चल रहा है। वहीं नागरिक लू व गर्मी से बचाव के लिए अपने घरों में सीमित हो गए है। बाजार व पार्क दिन भर सूने रहते है। अवकाश के दिन होने के बाद भी चहल पहल नहीं है। इधर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

#### लू से ऐसे करें बचाव

लू से बचाव के लिए गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। डीसी ने कहा कि बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें।

#### पशुओं का लू से ऐसे करें बचाव

जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें।

### बतरा कालोनी में 1.88 करोड़ से सीवर लाइन बिछाएगा

**पानीपत।** नगर निगम के वार्ड 22 की बतरा कालोनी की करीब दस साल पुरानी ब्लॉक सीवरेज की समस्या का अब निदान होने जा रहा है। निगम यहां 1.88 करोड़ से खस्ताहाल सीवर और पेयजल पाइपलाइन को बदलने जा रहा है। यहां नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए निगम अधिकारियों ने एक बार फिर से टेंडर लगा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि इससे पहले भी मार्च में इस परियोजना का टेंडर लगाया था, लेकिन औपचारिकताएं पूरी न होने की वजह से वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया जा सका। इसके बाद आचार संहिता की वजह से काम नहीं हो सका। अब आचार संहिता समाप्त हो चुकी है। इसलिए अब फिर से इस काम को सिरे चढ़ाया जाएगा।



### प्लेनेट सेवीयर ग्रुप ने टैगोर स्कूल में पौधे रोपे

**पानीपत।** धरती बचाओ अभियान को लेकर पानीपत की प्लेनेट सेवीयर समूह द्वारा हर सदस्य द्वारा सप्ताह में हर एक बार कहीं ना कहीं पर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में आज गांव कुराड़ स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में पौधरोपण किया गया। समूह के अध्यक्ष राहुल मल्होत्रा ने कहा कि मौजूदा समय में जिस प्रकार से धरती से पेड़ पौधों को काटकर भवनों का निर्माण किया जा रहा है उससे आने वाले समय में खाली धरती कम तथा इमारतें ज्यादा होंगी। जिसके चलते फिलहाल ही पर्यावरण खराब चल रहा जबकि आने वाले समय में तो हालात बहुत ही खराब होने वाले हैं। इसलिए हमने युवाओं का एक ग्रुप प्लेनेट सेवीयर के नाम से बनाया है। जिसका काम सप्ताह में एक बार सभी सदस्य एकत्रित होकर किसी एक स्थान पर पौधारोपण करते हैं। जिसमें हर सदस्य दो पौधे लगाता है। यहीं नहीं बीच-बीच में इन पौधों देखने का काम भी किया जाता है। हालांकि वह पौधारोपण वहीं करते हैं जहां उनकी देखभाल करने वाला हो। फिर भी कभी कभी उनको देखने का काम भी ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर अनुराग वर्मा, राजन वर्मा, पारस वर्मा, राहुल वर्मा, विनय काठपाल, ध्रुव वर्मा, धैर्य वर्मा, गौरव सहगल, सन्नी राणा, मनीष देशवाल व विनय देशवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ढांडा ने दो गांवों में जनसुनवाई की

# जनता की सेवा के लिए राजनीति में आया हूं: महीपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के विकास, पंचायत एवं सहकारिता राज्यमंत्री महीपाल ढांडा ने सोमवार को दिवाना और खलीला प्रहलादपुर में आयोजित खुले दरबार कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया। मंत्री ने कहा कि वो राजनीति में सेवा करने के उद्देश्य से आए हैं। यह सेवा भाव निरंतर जारी रहेगा। दोनों गांव के इस कार्यक्रम में 120 के करीब जन समस्याएं पहुंची। मंत्री ने कहा कि उनके पास जो भी समस्याएं पहुंची है उनका निदान संभव है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान करने का प्रयास करें। अधिकारियों का ध्यान समाधान की तरफ होना चाहिए उन्हें यह नहीं देखना चाहिए की समस्या कैसी है। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिवाना गांव 80 व प्रहलादपुर में 40 के करीब जन समस्याएं आई। गांव के ज्यादातर लोगों ने बिजली, पानी, जमीन, पेंशन, फैमिली आईडी से संबंधित समस्याएं रखी। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों की समस्याओं को दूर करना रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार लोगों की समस्याओं को प्रारंभ से ही गंभीरता से ले रही है। प्रशासनिक अधिकारी लोगों की एक.एक समस्या को सुनकर उसका मौके पर निदान करने का प्रयास करते हैं। खुले जनता दरबार में समस्या लेकर पहुंचे लोगों का उन्होंने अभिनंदन किया व विश्वास दिलाया कि उनके पास लिखित में जो कागज आया है उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। खलीला प्रहलादपुर में ग्रामीणों ने गांव के मध्य बने तालाब की चार दिवारी करने, चौपालों का निर्माण कराने, रेलवे ब्रिज चालू करने, सब हेल्थ सेंटर की चारदीवारी व मुख्य द्वार बनाने की मांग मंत्री के समक्ष रखी। कार्यक्रम में कई महिलाओं ने बिजली के बिल ज्यादा आने की शिकायत मंत्री से की। कई ग्रामीणों ने गांव में बढ़ रही बिजली चोरी की समस्या से मंत्री को अवगत कराया व तत्काल इस पर कार्रवाई करने की अपील की। एक अन्य मामले में मंत्री ने ठेकेदार की फर्म को ब्लैक लिस्ट करने ,उसकी पेमेंट रोकने की बात कही। कई ग्रामीणों द्वारा मकान की मरम्मत करने के भी प्रार्थना पत्र मंत्री को दिए गए। पुलिस विभाग से जुड़ी एक समस्या पर मंत्री ने संज्ञान लिया व पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात न्याय दिलाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उन्हें फूलों की माला पहनाकर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। इस मोके पर बिजली विभाग के एसडीओ नरेंद्र जागलान, समाज कल्याण विभाग से पवन राना, सरपंच जगबीर व सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



पानीपत। सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा जनसुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि




### कबीर समाज की बस मथुरा के लिए रवाना

**पानीपत।** महंत ज्ञानेश्वर दास साहेब एवं राजू सतनाम के नेतृत्व में पानीपत कबीरपंथी समाज के लिए सतगुरु कबीर प्रकट दिवस पर सतगुरु कबीर पंथ आश्रम ट्रस्ट की ओर से बस यात्रा पानीपत से मथुरा, वृंदावन, ताजमहल, प्रयागराज, सीता समाहित, काशी लहरतारा धाम को रवाना की गई। जिसे समाज के सम्मानित हरि मोहन, ट्रस्ट के प्रधान धर्मदास उपाध्यक्ष, सुभाष चंद कबीर पंथी, कोषाध्यक्ष तेजपाल, सचिन, किरण पाल, लेक्चर राजकुमार, बबीता, ममता सिंह आदि ने बस यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं सुभाष चंद कबीर पंथी ने दावा किया कि धार्मिक यात्रा करने से इंसान का मन गलत कार्यों से हट कर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लग जाता है। वहीं नागरिकों को साल में दो बार धार्मिक यात्रा अवश्य करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजकुमार व आरोपी निर्मल सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है। जनसुई के अंकित गुलाटी ने 15 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी राजकुमार व अन्य ने उसकी दुकान गुलाटी मार्बल मटेहडी से टाइल, पेंट, सीमेंट वगैरा चोरी कर लिये है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आरोपी को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में 16 जून 2024 को पुलिस ने आरोपी हिमांशु को मामले में शामिल जांच किया है। पीड़ति महिला ने 1जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जुलाई 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### 24 बोतल शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी संजय को 24 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को शराब समेत रंगे हाथों काबू किया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### 12 ग्राम हेरोइन के साथ बाइक सवार दंपति काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने रेवर-दातासिंह वाला रजबाहा पुल पर बाइक सवार दंपत्ति को काबू कर उनके कब्जे से 12 ग्राम हैरोइन बरामद की है। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराना बस स्टैंड पर मिले शव की हुई पहचान

**सफीदों।** नगर के पुराना बस स्टैंड से मिले एक व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान गांव पाजू खुर्द निवासी जगमाल के रूप में हुई है। मृतक के परिजन नगर के नागरिक अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

## प्रदेश बिजली उत्पादन के क्षेत्र में जल्द होगा आत्मनिर्भर: नायब सैनी

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब आदमी बना सशक्त

25 करोड़ गरीब परिवारों को योजनाबद्ध तरीके से गरीबी रेखा से ऊपर उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उदय कैसे हो, उसे किस प्रकार मजबूत बनाया जाए। पिछले 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब को सशक्त बनाकर उन्हें गरीबी से बाहर निकालने का काम किया है। इस दौरान 25 करोड़ गरीब परिवारों को योजनाबद्ध तरीके से गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। आज से प्रदेश में शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से भी गरीब व्यक्ति को मजबूत करने का कार्य नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया है। प्रधानमंत्री की इस परिकल्पना को शतप्रतिशत धरातल पर उतारने का काम यह डबल इंजन की सरकार कर रही है।

### देश ग्रीन एनर्जी की तरफ तेजी से अग्रसर

सीएम नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सौर ऊर्जा पर बहुत ही तेजी से कार्य हो रहा है। वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री जी ने गुरुग्राम में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सचिवालय का उद्घाटन किया था उसके बाद देश ग्रीन एनर्जी की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में सोनीपत में गरीब परिवारों को 100 -100 वर्ग गज के प्लाट आवंटन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने विधानसभा में न केवल इसके लिए बिल पास करवाया बल्कि अलग से बजट में प्रावधान किया गया। हाल ही में 7500 से अधिक पात्र लोगों को प्लाट का कब्ज़ा और कागज प्रदान किए गए है। इसके अतिरिक्त जहां पंचायत के पास प्लाट देने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है वहां पर पात्र व्यक्ति के खाते में प्लाट खरीदने के लिए 1,00,000 देने का प्रावधान भी किया गया है। साथ ही हैप्पी योजना का शुभारंभ भी किया है जिसके तहत 1 लाख से कम आय वाले 23 लाख परिवारों के 84 लाख लोगों को एक साल में 1000 किलोमीटर तक हरियाणा रोडवेज में मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के पश्चात सबसे पहले किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 20,000 करोड़ रूपए की राशि जारी करने का कार्य किया। साथ ही जिस प्रकार केंद्र सरकार ने अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीब लोगों को मकान बनाकर दिए, उसी प्रकार आने वाले 5 साल में 3 करोड़ और मकान देने पर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच में देश में एक बड़ा अंतर देखने को मिला है, चाहे वह सडक़ों की बात हो, यूनिवर्सिटी की बात हो, मेडिकल कॉलेज हो, मेडिकल यूनिवर्सिटी की बात हो या आधारभूत विकास की बात हो। देश इन सभी क्षेत्रों में तेजी गति से आगे बढ़ा है। हरियाणा में भी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में इस दौरान चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया गया है। लड़कियों को 20 किलोमीटर की परिधि में कॉलेज की सुविधा प्रदान करवाने के अतिरिक्त जिन परिवारों की आय 1,80,000 रूपए से कम है उन लड़कियों की पढ़ाई का खर्चा हरियाणा सरकार वहन कर रही है इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि यह अंबाला के लिए ऐतिहासिक दिन है। पिछले कुछ वर्षों में पॉवर सेक्टर में हरियाणा को बहुत अच्छा माइलेज मिला है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्रायल के अंतर्गत कार्यरत दोनों कंपनी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ए प्लस केटेगरी में आ गई है। हमारा न केवल लाइन लॉसेस न्यूनतम स्तर पर आया है बल्कि आज पूरे देश में

इससे पहले परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रदेश के लोगों के जीवन में उजाला भरने का काम करेगी।

### ये रहे मौजूद

मौके पर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, मंडलायुक्त रेणू फूलिया, सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, उपायुक्त डॉ. शालीन, एसपी जशनदीप सिंह रंधावा, एसडीएम दर्शन कुमार, जिला परिषद के चेयरमैन राजेश लाडी, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, पूर्व विधायक राजबीर बराडा, रितेश गोयल, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्म सिंह, पूर्व मेयर रमेश मल, सुंदर ढींगरा, मंडल प्रधान गुरजंट सिंह, निगम सदस्य मनीष आन्नद मनी, हितैष जैन, अर्चना छिब्बर, आशीष तायल, टीटू घई, रमेश पाल नोहनी भी मौजूद रहे।



अंबाला। भाजपा में शामिल लोगों को पटका पहनाकर स्वागत करते अनिल विज।

## जजपा को झटका, मच्छौंडा से भारी संख्या में पदाधिकारी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल

- पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने सभी ग्रामीणों को पार्टी का पटका पहनाकर किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर सोमवार को उनके आवास पर जेजेपी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला प्रधान मच्छौंडा के तरविंद्र सिंह सोनू ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों सहित भाजपा का दामन थामा और उनका आर्शीवाद लिया। विज ने सभी को भारतीय जनता पार्टी के पटके पहनाकर उनका पार्टी में तहे दिल से स्वागत किया तथा जनता के हित में बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा के मच्छौंडा से प्रधान सुरेंद्र सिंह के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। विज ने भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को बढ़चढ़ कर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी के विकास के लिए ढेरों कार्य करवाए है जिसका जनता को लाभ मिल रहा है। भाजपा में शामिल हुए तरविंद्र सिंह व अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि अनिल विज की बदौलत छावनी दिन-रात तरक्की के मार्ग पर अग्रसर है। शाहपुर व मच्छौंडा क्षेत्र में सड़कें, स्ट्रीट लाइटें, रेलवे अंडर पास का निर्माण, धर्मशालाओं का निर्माण, बेहतर पेयजल एवं बिजली आपूर्ति हो रही है। पूर्व सरकारों ने केवल वायदे किए जबकि अनिल विज ने जनता के लिए धरातल पर काम करके दिखाए। सुभाष पार्क सैर-सपाटा करने के लिए नंबर एक स्थान बन गया है और बाहर के शहरों से लोग यहां आ रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा हुआ है और सिविल अस्पताल में आज दूसरे राज्यों से लोग ईलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

भाजपा में जेजेपी नेता तरविंद्र सिंह के अलावा कुलविंद्र सिंह, परविंद्र सिंह, रणजीत सिंह, तेजिंद्र सिंह, परमजीत सिंह, तरविंद्र सिंह, बलवंत सिंह, बलजिंद्र सिंह, वतनप्रीत सिंह, हर्ष सिंह, रमनदीप सिंह, हरविंद्र सिंह, रणजीत सिंह, तेजिंद्र सिंह, सतविंद्र सिंह, बलविंद्र सिंह, सुखदर्शन सिंह, जगजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल प्रधान किरणपाल चौहान, पूर्व प्रधान बलविंद्र सिंह शाहपुर, महासचिव रामबाबू यादव, नरेंद्र राणा, संजीव सोनी, राजबीर सिंह, लेखराज, प्रमोद लक्की, सन्नी, पूर्व सरपंच सुरेश, सोहनलाल के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बकरीद पर मुस्लिमों ने अमन-शांति के लिए अता की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। बकरीद के मौके पर नमाज अता करते पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोग।

ईद-उल-जुहा (बकरीद) का पर्व रणजीत नगर स्थित बादशाही मस्जिद में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ईद की नमाज हाफिज व कारी मौलाना अंसार रजा ने पढ़ाई और बड़ी तादाद में एकत्र हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने अमन और शांति की दुआ की। यहां बोलते हुए अंसार रजा ने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, किसी की भी धार्मिक भावना को आहत नहीं करना चाहिए। रजा-ए- मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी के प्रधान मोहम्मद मेराज आलम ने बताया कि ईद दो पैगबंरों इस्माइल व इब्राहिम अस की बेमिसाल कुबार्नी की याद में मनाई जाती है। ईद पर गरीबों व जरूरतमंदों का ख्याल रखना इस्लाम ही नहीं बल्कि इंसानियत का अव्वल फर्ज है। मेराज आलम ने कहा कि इस महीने में दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय के लोग हज यात्रा में जाते है। उन्होंने बताया कि सही मायने में ईद उल जुहा (बकरीद) त्यौहार त्याग का प्रतीक है। मुस्लिमों के मुख्य त्यौहारों में से यह त्यौहार लोगों की सेवा करने की तरफ प्रभावित करता है। आलम ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि हमें रब की मोहब्बत में अपनी अजीज चीज को भी कुर्बान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन के लिए बस की रवाना



- तीर्थ यात्रा योजना के तहत यात्रा में शामिल हुए 38 श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत जिला से अयोध्या धाम के लिए एसी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस में 38 तीर्थ यात्री सवार थे, जो अयोध्या जाएंगे और श्री राम मंदिर के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राम के दर्शनों के लिए मां अंबा की पवित्र भूमि से जत्था रवाना किया है। एक लंबे समय बाद अयोध्या में भगवान श्री राम का दिव्य और भव्य मंदिर बना है जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के जरिए प्रदेश के लाखों श्रद्धालु निशुल्क रूप से देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर से अब तक 7 एसी वोल्वो बसे प्रदेश सरकार की तरफ से रवाना की जा चुकी हैं। सैकड़ों यात्री अयोध्या सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं। इस अनोखी योजना से श्रद्धालुओं की आस्था को भी सम्मान मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम जा रहे श्रद्धालुओं से बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएं दी।

### डीएवी स्कूल के प्रांगण से दिखाई हरी झंडी

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण से सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत एसी वोल्वो बस को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर परिवहन मंत्री असीम गोयल, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, उपायुक्त डॉ. शालीन, एसपी जश्न दीप सिंह रंधावा, संयुक्त निदेशक गौरव गुप्ता, जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाडी, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, कर्म सिंह, रितेश गोयल के अलावा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं को सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से एक-एक किट बैग भी उपलब्ध करवाया गया। बता दें कि हरियाणा सरकार ने श्रद्धालुओं को निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के अंतर्गत धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए आयु 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और परिवार की आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऐसे श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## पानी से ग्रस्त जनता, कहीं बाढ़ का डर तो कहीं पीने के पानी का संकट

- कांग्रेस नेत्री चित्रा बोली सरकार बाढ़ग्रस्त अंबाला की राहत राशि पर जारी करे श्वेत पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। जल संकट को लेकर एक कॉलोनी के लोगों से मुलाकात करती चित्रा सरवारा।

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने पिछली बार जिले में आई बाढ़ पर भाजपा सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों से पूछे सवाल। उन्होंने पूछा कि इस बार सरकार ने बाढ़ से निपटने के लिए क्या तैयारी की है? सरवारा ने कई इलाकों का दौरा करते हुए कहा कि इस बार फिर मानसून सर पर है। सरकार ने पिछली बार हुए नुकसान पर किस-किस को कितना-कितना मुआवजा दिया? इस बारे में भी सरकार श्वेत पत्र जारी करें। अभी तक सोए हुए जिला प्रशासन ने पिछली बार बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन तक नहीं किया, अभी भी जिला में सभी नाले गाद से भरे पड़े हैं। सफाई की व्यवस्था तक नहीं की गई। न ही टांगरी नदी के तटबंधों को मजबूत किया गया और फिर बाढ़ आने के बाद नुकसान होने पर इंतजाम करेगी सरकार। उन्होंने कहा कि मानसून के सिर पर होने के बाद जिले के हालात को देखते हुए कटाक्ष करते कहा कि आने वाली बरसात के बाद बाढ़ और कहीं पड़े सूखे को लेकर अब पूरे जिले की जनता त्रस्त नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि कितने ही इलाके ऐसे हैं जहां लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए या तो अपने पैसे से पानी के टैंकर मंगवा कर या सरकार की तरफ पानी के टैंकर भेजने की तरफ टकटकी लगाए देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी इस प्रकार से परिभीषण गर्मी और नल में पानी न आने की वजह से कई इलाकों में उन्होंने स्वयं कॉलोनी में टैंकर भिजवाकर लोगों की प्यास बुझाई थी। सरवारा ने कहा अबकी बार मौसम विभाग द्वारा अधिक बारिश होने का अलर्ट जारी किया है लेकिन अम्बाला में पानी निकासी के लिए ड्रेनेज निर्माण और ड्रेनेज को चौड़ा करने, उनमें स्टड लगाने, तट बंद मजबूत करने के सरकार के 80% दावे अधूरे पड़े दिखाई दे रहे हैं। पिछली बार भी बाढ़ के बाद लोगों को सरकार द्वारा भुखा और प्यासा छोड़ दिया गया और लोगो को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। कहीं ट्यूबवेल खराब पड़े थे, बाढ़ विभीषिका के कारण कई लोगों के घर डूब गए थे, उनका सामान बाढ़ में बह गया था, ज्यादातर फसले पानी में बह गई थी यहां तक कि बाढ़ में बहने वाले मवेशियों का भी अभी तक नहीं पता चल पाया लेकिन मंत्री नेता अपनी पब्लिसिटी करवाने के लिए बोट्स में चढ़कर फोटो खिंचवाने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि जब भी टांगरी नदी,इंडस्ट्री एरिया व आस पास के इलाकों में कहीं प्रोग्राम करने जाती हैं तो महिलाओं के आंखों में आंसू आ जाते हैं और उनका रो-रो कर बुरा हाल हो जाता है कि इस बार फिर अगर बाढ़ आई तो वे इससे कैसे निपटेंगे क्योंकि पहले भी उनके लाखों का नुकसान हो चुका है।

## धूमधाम से मनाई गई बकरीद, मुस्लिमों ने ईदगाहों और मस्जिदों में जमात के साथ अता की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कस्बा व आसपास के इलाकों में बकरीद बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। गांव तंदवाल, जलुबी, मुलाना, सिरसगढ़ व अन्य कई जगहों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्रित होकर बकरीद की नमाज पढ़ी। इस मौके पर सभी ने नमाज के बाद खुत्बा सुना, देश की अमन व शांति के लिए दुआ मांगी और एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद के पर्व की बधाई दी। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो चुकी थी। बकरीद का यह त्यौहार हजरत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की अल्लाह के प्रति निष्ठा और उनकी आज्ञा का पालन करने की भावना की याद में मनाया जाता है।



### बकरीद का इतिहास

बकरीद का इतिहास हजरत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) और उनके पुत्र हजरत इस्माइल (अलैहिस्सलाम) से जुड़ा है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, हजरत इब्राहीम को सपना दिखा जिसमें अल्लाह ने उन्हें अपने प्रिय पुत्र हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान करने का आदेश दिया। हजरत इब्राहीम ने इस आदेश को अल्लाह की आज्ञा मानकर पालन करने का निर्णय लिया। जब हजरत इब्राहीम ने अपने पुत्र हजरत इस्माइल की कुर्बानी करने की कोशिश की, तब अल्लाह ने उनकी निष्ठा और आज्ञाकारिता को देखते हुए, हजरत इस्माइल को एक मेमने से बदल दिया। इस प्रकार, हजरत इब्राहीम ने अल्लाह की परीक्षा को उत्तीर्ण किया और उनके पुत्र को सुरक्षित रखा। इस घटना को याद करते हुए, मुसलमान बकरीद के दिन जानवरों की कुर्बानी करते हैं। बकरीद के दिन मुसलमान जानवरों की कुर्बानी करते हैं और कुर्बानी के उस मांस को अपने परिवार, दोस्तों और जरूरतमंदों में बाँटते हैं।

## धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी नरेंद्र उर्फ जोनी को मामले में शामिल जांच किया है। पीडित महिला ने 16 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी नरेंद्र उर्फ जोनी व अन्य ने उससे तथा उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने शहीद स्मारक को लेकर की समीक्षा बैठक

# शहीद स्मारक के निर्माण कार्य में लाएं तेजी: अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। शहीद स्मारक का मुआयना करने जाते पूर्व गृहमंत्री अनिल विज।

पूर्व गृह मंत्री एवं अम्बाला कैंट से विधायक अनिल विज ने सोमवार को आजादी की पहली लड़ाई पर आधारित शहीद स्मारक का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की और निर्माण कार्य का मुआयना किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार और पीडब्लूडी को काम में तेजी लाने और इस प्रोजेक्ट को अगस्त महीने तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान शहीद स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी भी मौजूद रहे।

बैठक के बाद पूर्व गृह मंत्री एवं अंबाला कैंट से विधायक अनिल विज ने कहा कि 1857 में आजादी की पहली लड़ाई में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्मारक बनाया जा रहा है। इसका सिविल वर्क करीब 90 फीसदी पूरा हो चुका है अब इसके आर्ट वर्क का काम जारी है। इस स्मारक में आजादी की पहली लड़ाई को शुरू से आखिरी तक दिखाया जाएगा, जिसमें झांसी की रानी, तांत्या टोपे, हरियाणा के शहीद राव तुलाराम जी को भी दिखाया जाएगा।

आजादी की पहली लड़ाई भी अम्बाला छावनी से शुरू हुई थी और यह स्मारक भी यहां बनाया जा रहा है। विज ने कहा कि मैं स्मारक के निर्माण कार्यों को लेकर नियमित बैठक ले रहा हूं। हम चाहते हैं कि यह अगस्त महीने तक पूरा हो जाए। इसको लेकर निरंतर संबंधित विभाग व कॉन्ट्रेक्टर को निर्देश दिए जा रहे हैं।

हिंदुस्तान के टॉप इतिहासकारों की कमेटी बनाई गई है, जो इससे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को लिखकर दे रही है। इसमें 2 हजार लोगों के बैठने का ओपन एयर थियेटर बनाया गया है। इस थियेटर में 1857 की क्रांति पर आधारित फिल्म भी दिखाई जाएगी।

विज ने शहीद स्मारक के निर्माण कार्य को लेकर मुआयना किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग एरिया के निर्माण को जल्द पूरा करने, स्मारक में बने फ़ूड कोर्ट को शीघ्र अलॉट करने के निर्देश दिए तथा जायजा लिया। बैठक में पीडब्लयूडी के अधीक्षक अभियंता नवनीत नैन, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, एसडीओ इलेक्ट्रिकल सुखदेव सिंह, जेई पीडब्लयूडी अश्वनी, ठेकेदार अभिमन्यु गुप्ता, डिजाइनर कंसलटेंट रितिका भी मौजूद रही।